छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग
–:: मंत्रालय ::–
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग.)

क्रमांक एफ 3–1/2020/1–7 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 19/06/2020

प्रति,

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/
सचिव/विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार)
छत्तीसगढ़ शासन,
..... समस्त .... विभाग,

विषय :– गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य हेतु 100 पाईंट चेक लिस्ट पुस्तिका (हिन्दी संस्करण) के उपयोग बाबत्।

-----000-----

समस्त निर्माण विभागों में गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) द्वारा प्रचलित स्पेसिफिकेशन को एकजाई कर 100 बिन्दुओं की चेक लिस्ट पुंस्तिका हिन्दी संस्करण में तैयार की गई है। 100 बिन्दु चेक लिस्ट पुस्तिका सामान्य प्रशासन विभाग के वेब साईट www.gad.cg.gov.in एवं cgdemo.nic.in/cgcte/ पर उपलब्ध है। इस चेक लिस्ट के माध्यम से स्थल पर कार्य कर रहे, अभियंताओं के तकनीकी ज्ञान में और वृद्धि होगी एवं गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य संपादित होगा।

2/ राज्य शासन के द्वारा 100 बिन्दु चेक लिस्ट पुस्तिका के उपयोग हेतु एन.आई.सी. द्वारा तैयार की गई पब्लिक वर्क क्वालिटी मॉनिटेरिंग सिस्टम (PW-QMS) सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से ऑन लाईन जानकारी प्रत्येक माह प्राप्त की जा रही है।

3/ अभियंताओं के द्वारा चेक लिस्ट में संलग्न प्रपत्रों को नियमित भरने से, सामग्रियों की खपत में, निगरानी रखी जा सकेगी जो कार्य की गुणवत्ता में वृद्धि करेगा। दूरस्थ अंचलों में चल रहे निर्माण कार्यों के लिए यह चेक लिस्ट अधिक उपयोगी होगा। समस्त अभियंताओं को शत्–प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य हेतु 100 बिन्दु चेक लिस्ट का उपयोग किये जाने के साथ–साथ प्रत्येक माह पब्लिक वर्क क्वालिटी मॉनिटेरिंग सिस्टम (PW-QMS) सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन में ऑन लाईन जानकारी भेजने के लिए विभागाध्यक्षों एवं कार्यपालन अभियंताओं को निर्देश जारी करना सुनिश्चित करें।

(आर.पी. मण्डल) 10/6/2020
मुख्य सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन

Scanned with CamScanner

पृ. क्रमांक एफ 3–1/2020/1–7 अटल नगर, रायपुर, दिनांक 19/06/2020

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, रायपुर।
2. समस्त प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर।
3. आयुक्त, गृह निर्माण मण्डल, रायपुर।
4. समस्त मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/नगरीय एवं प्रशासन विभाग/अटल नगर विकास प्राधिकरण रायपुर एवं संबंधित विभाग .... को सूचनार्थ।

सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

Scanned with CamScanner